# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय पी जी कॉलेज फिरोजाबाद

## ऑनलाइन एजुकेशन व एल एम सेल

## वार्षिक आख्या सत्र 2023-24

इंटरनेट ने एक तरफ जहां लोगों के जीवन को सरल, सहज तरीके से समस्त गतिविधियों को जानने का मार्ग प्रशस्त किया वहीं विद्यार्थियों को घर बैठे शैक्षिक सुविधाएं प्रदान की। इससे समय की बचत के साथ-साथ धन की भी बचत हो रही है। कोरोना जैसी माहामारी में जब लोगों का जीवन जीना दुश्वार था| ऐसे में इंटरनेट ने विभिन्न विषय वस्तु से हम सभी को जोड़ रखा। शैक्षिक दृष्टिकोण से ऑनलाइन क्लासेस ने विद्यार्थियों के ज्ञान में गुणात्मक वृद्धि की। भविष्य में ऑनलाइन क्लासेस की महत्ता को देखते हुए ऑनलाइन एजुकेशन एवं एल एम सेल के अंतर्गत महाविद्यालय महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज फिरोजाबाद में छात्रों एवं महाविद्यालय की शैक्षिक प्रगति को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए | वर्तमान परिदृश्य में ऑनलाइन के माध्यम से शिक्षा ,सेमिनार, वर्कशॉप मीटिंग एवं विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित करते हुए ऑनलाइन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में 12/01/24 स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर ऑनलाइन के माध्यम से प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया| जिसमें 63 बच्चों ने प्रतिभाग किया एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया| जिसमें 35 छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।14 अप्रैल 2024 को अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में ऑनलाइन क्विज आयोजित की गई| प्रतिभाग करने वाले छात्रों की संख्या 257 रही ।माई भारत पोर्टल ऐप पर छात्राओं का रजिस्ट्रेशन अधिक से अधिक सुनिश्चित किया गया ।22 नवंबर 2023 को सड़क सुरक्षा पर आधारित प्रश्नोत्तरी ऑनलाइन आयोजित की गई ।महाविद्यालय के समस्त कार्यों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ,लाइब्रेरी ऑनलाइन मीटिंग एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से ऑनलाइन कार्यक्रम लगातार जारी हैं।

[signature]